## महत्वपूर्ण एवं खास

### नेताप्रतिपक्ष के खिलाफ असंसदीय टिप्पणी पर कांग्रेस विधायक को अध्यक्ष ने लगाई फटकार

**रायपुर (आरएनएस)।** शीतकालीन सत्र के दौरान विधानसभा में आज विधानसभा अध्यक्ष डा. चरणदास महंत ने सत्ता पक्ष के विधायक देवेन्द्र यादव द्वारा नेताप्रतिपक्ष धरमलाल के खिलाफ की गई असंसदीय टिप्पणी पर फटकार लगाते हुए उन्हें आचरण सुधारने की नसीहत दी। सत्र के दौरान आज विधायक श्री यादव ने नेताप्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक के खिलाफ असंसदीय टिप्पणी की, जिससे विपक्षी सदस्य उत्तेजित हो गए और वे कांग्रेस विधायक की इस टिप्पणी पर नाराजगी करते हुए इसके लिए सदन से मांफी मांगने के लिए कहा। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के विधायक अजीत जोगी ने भी कांग्रेस विधायक की टिप्पणी पर कहा कि इसके लिए उन्हें सदन से माफी मांगना चाहिए। विधानसभा अध्यक्ष ने श्री यादव को उनके असंसदीय टिप्पणी के लिए फटकार लगाते हुए उन्हें आचरण सुधारने की नसीहत दी, वहीं संसदीय कार्यमंत्री रविन्द्र चौबे ने भी इस टिप्पणी पर खेद जताते हुए कहा कि इस तरह की टिप्पणी सदन में दोबारा नहीं होगी।

### राज्यपाल आज बिलासपुर प्रवास पर

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्यपाल अनुसुईया उइके 26 नवंबर 2019 को पूर्वान्ह 11:30 बजे रायपुर से हेलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान करेंगी और दोपहर 12:00 बजे बिलासपुर पहुंचेंगी। सुश्री उइके वहां दोपहर 12:15 को अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर में आयोजित सेन्ट्रल जोन के कुलपतियों के सम्मेलन में शामिल होंगी। राज्यपाल दोपहर 02:30 बजे वहां से प्रस्थान करेंगी और 03:00 बजे रायपुर पहुंचेंगी।

### जहर का सेवन करने से युवक गंभीर

**कोरबा (आरएनएस)।** पाली ग्राम सैला निवासी युवक ने शनिवार की रात जहर का सेवन कर लिया। सुबह उठने पर परिजनों को इसकी जानकारी हुई परिजन युवक को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली पहुंचे। जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने सिम्स बिलासपुर रेफर कर दिया। पाली थाना अंतर्गत ग्राम सैला निवासी आनंद टेकाम पिता कृष्णा टेकाम 20 ने अज्ञात कारणों से घर में रखे चूहामार दवा का सेवन कर लिया। इसकी जानकारी परिजन को नहीं थी। रात में नींद के कारण जहर का असर नहीं हुआ। सुबह नींद खुली तो युवक उल्टी करने लगा। लगातार उल्टी होने पर रविवार सुबह युवक को पाली स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बिलासपुर सिम्स रेफ र कर दिया है।

# कलेक्टर ने ली राजनैतिक दलों की बैठक : आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन करने के दिए निर्देश

» राजनैतिक दलों को तत्काल बैनर, पोस्टर हटाने के लिए कहा » नामांकन 30 नवम्बर से 6 दिसम्बर तक » मतदान 21 दिसम्बर को एवं मतगणना 24 दिसम्बर को







**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजनैतिक दलों की बैठक ली। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कटारा, अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

कलेक्टर यशवंत कुमार ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर द्वारा 25 नवम्बर 2019 से नगरीय निकाय निर्वाचन की घोषणा कर दी गई है। आज से पूरे प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों को बैनर एवं पोस्टर तत्काल हटाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि नामांकन 30 नवम्बर 2019 से 6 दिसम्बर 2019 तक, स्कुटनी 7 दिसम्बर 2019 तक, नाम वापसी 9 दिसम्बर 2019 तक , मतदान पूरे प्रदेश में एक चरण में 21 दिसम्बर 2019 को एवं मतगणना 24 दिसम्बर 2019 को होगी। कलेक्टर ने कहा कि नगरीय निकाय निर्वाचन में प्रत्याशियों को ऑनलाईन नामांकन फार्म जमा करना होगा तथा उसका प्रिन्ट निकालकर नाम-निर्देशन प्राप्त करने वाले संबंधित रिटर्निंग आफिसर, सहायक रिटर्निंग आफिसर के कार्यालय में जमा करना होगा। साथ ही 2×2.5 से.मी.साईज के 5 फोटोग्राफ अच्छी क्वालिटी के स्पष्ट फोटो जमा करनी होगी।

कलेक्टर ने राजनीतिक प्रत्याशियों को बताया कि पार्षद पद हेतु नामांकन शुल्क नगर पालिका निगम के लिए 5 हजार, नगर पालिका परिषद के लिए 3 हजार एवं नगर पंचायत के लिए 01 हजार रुपए निर्धारित है। नगरीय निकाय निर्वाचन में एक अभ्यर्थी द्वारा अधिकतम दो नामांकन फार्म जमा कर सकता है। नामांकन फार्म के साथ नोटरी द्वारा सत्यापित शपथ पत्र अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। नगरीय निकाय निर्वाचन में जिले के सभी निकाय के सर्व रिटर्निंग आफिसर कार्यालयों में एक-एक सुविधा केन्द्र, अभ्यर्थी के नामांकन फार्म भरने की सहायता हेतु स्थापित की जाएगी। साथ ही जिले के चिन्हांकित लोक सेवा केन्द्र एवं च्वाईस सेंटरों में निर्धारित शुल्क सहित नामांकन फार्म भरी जा सकती है। कलेक्टर ने कहा कि अभ्यर्थी द्वारा नामांकन फार्म जमा करने के एक दिन पूर्व राष्ट्रीयकृत बैंक में नया बैंक खाता खोलना अनिवार्य होगा या पुराना खाता का बैलेंस नील कर पासबुक की छायाप्रति जमा करना अनिवार्य होगा। इसी बैंक खाते के अनुसार व्यय लेखा का मिलान किया जाएगा।

कलेक्टर ने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के दिनांक से नगरीय निकाय क्षेत्रान्तर्गत सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय भवनों में लगे बैनर, पोस्टर एवं होर्डिग्स को तत्काल निकाला जाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय चुनाव में पार्षद पद हेतु व्यय सीमा नगरीय जनसंख्या वाले नगर पालिका निगम पार्षद हेतु अधिकतम 3 लाख रुपए, नगर पालिका परिषद पार्षद हेतु अधिकतम व्यय सीमा 1 लाख 50 हजार रुपए, नगर पंचायत पार्षदों हेतु अधिकतम व्यय सीमा 50 हजार रुपए होगी। प्रत्याशियों को निर्वाचन व्यय लेखा दाखिल करना अनिवार्य है। नाम वापसी के पूर्व एवं मतदान के पूर्व दो बार निर्वाचन व्यय की संपूर्ण जानकारी संबंधित रिटर्निंग आफिसर कार्यालय के निर्वाचन व्यय संपरीक्षक शाखा में जमा करना अनिवार्य होगा तथा मतगणना के 30 दिवस के अंदर जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के निर्वाचन व्यय संपरीक्षक शाखा में जमा करना अनिवार्य होगा। साथ ही सभी प्रत्याशियों को संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के कार्यालय से सभा, रैली, जुलूस एवं अन्य प्रदर्शनों के संबंध में विधिवत पूर्वानुमति लेना अनिवार्य होगी। प्रथम आओ प्रथम पाओ के आधार पर अनुमति दी जाएगी। प्रत्याशियों को प्रचार सामग्री जैसी पोस्टर, ईश्तहार, पाम्पलेट, परिपत्रों में मुद्रक और प्रकाशक का नाम और पता का उल्लेख किया जाना अनिवार्य होगा। साथ ही उक्त सामग्री का जिला मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति एमसीएमसी से प्रमाणित करना अनिवार्य होगा।

कलेक्टर ने सभी राजनीतिक दलों को अपने दल के प्रचार सामग्री जैसे बैनर, पोस्टर, ईश्तहार आदि तत्काल हटवा देने के निर्देश दिए है और सभी को आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन करने के लिए कहा गया है। इस अवसर पर प्राचार्य राजेश डेनियल, कृपाराम सिदार उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीत कालीन सत्र के प्रथम दिन 6 दिवंगत विभूतियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र के आज प्रथम दिन देश और प्रदेश की छह दिवंगत विभूतियों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई । सदन में भारत की पूर्व विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल गौर, देश के पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली, अविभाजित मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व सदस्य मालू राम सिंघानिया, कोरबा से लोकसभा के पूर्व सदस्य डॉ. बंशीलाल महतो और अविभाजित मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कैलाश जोशी को विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। इन विभूतियों के सम्मान में सदन में 2 मिनट का मौन रखा गया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने दिवंगत विभूतियों के जीवन, व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए, उनके देश और प्रदेश की राजनीति में योगदान का स्मरण किया और उनके निधन को एक अपूरणीय क्षति बताया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भारत की पूर्व विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वे एक प्रखर वक्ता और कुशल प्रशासक थीं। भाषा और कानून पर उनकी अच्छी पकड़ थी। अनेक भाषाओं का उनको ज्ञान था। देश की विदेश मंत्री, दिल्ली की पहली महिला मुख्यमंत्री, सूचना प्रसारण मंत्री, दूरसंचार मंत्री, नेताप्रतिपक्ष के रूप में उन्होंने देश की उल्लेखनीय सेवा की। उनका निधन भारत की राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति है।

बघेल ने अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल गौर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं कहा की मध्यप्रदेश की विधानसभा में उनके साथ बैठने और सुनने का अवसर मिला। उनकी पहचान एक आंदोलनकारी और श्रमिक नेता के रूप में थी।

## आदर्श आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू

» पार्षद पदों के निर्वाचन की समय-अनुसूची कार्यक्रम जारी

» 21 दिसम्बर को मतदान एवं 24 दिसम्बर को मतगणना





**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार ने जानकारी दी कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर द्वारा दिनांक 25 नवम्बर 2019 को नगरीय निकाय निर्वाचन 2019 की घोषणा कर दी गई है और आज पूरे प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है।

नगर पालिकाओं (नगर पालिक निगम, नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत) के पार्षद पदों के आम निर्वाचन 2019 अंतर्गत समय-अनुसूची कार्यक्रम जारी किया गया है। जिसके तहत 30 नवम्बर 2019 को पूर्वान्ह 10.30 बजे से जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन, स्थानों (सीटों)के आरक्षण के संबंध में सूचना का प्रकाशन तथा रिटर्निंग आफिसर द्वारा मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन एवं 30 नवम्बर को पूर्वान्ह 10.30 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक रिटर्निंग आफिसर द्वारा नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने हेतु कार्यवाही किया जाएगा।

6 दिसम्बर 2019 को अपरान्ह 3 बजे तक नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख, 7 दिसम्बर 2019 को प्रातः 10 बजे से रिटर्निंग आफिसर द्वारा नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (जांच), 9 दिसम्बर 2019 को अपरान्ह 3 बजे तक अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की आखिरी तारीख तथा अभ्यर्थिता वापसी के बाद रिटर्निंग आफिसर द्वारा निर्वाचन लडने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार किया जाएगा और निर्वाचन प्रतीकों का आबंटन होगा।

21 दिसम्बर 2019 को प्रातः 8 से शाम 5 बजे तक मतदान होगा तथा 24 दिसम्बर 2019 को प्रातः 9 बजे से रिटर्निंग आफिसर द्वारा मतगणना और निर्वाचन परिणामों की घोषणा की जाएगी।

## लायनेस कल्ब दिव्य ऊर्जा द्वारा डेंगु रोकथाम, उपाय व जागरूकता कार्यक्रम

» मितानिन सम्मान और मनाया दीपावली मिलन



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** समाज सेवा मे अग्रणी संस्था लायनेस कल्ब दिव्य ऊर्जा ने कमलानेहरु पार्क मे मितानिन डे (23.नवंबर) के अवसर पर डिस्ट्रिक्ट केबिनेट सेक्रेटरी लायनेस अनीता कपूर के मार्गदर्शन से अध्यक्ष मीरा पासवान के नेतृत्व मे सर्वप्रथम लायंस क्लब के संस्थापक लॉ मेल्विन जोन्स के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर अतिथियो द्वारा दीप प्रजव्वलित किया गया। अर्बन सुपरवाइजर पुष्पलता पाणीग्रही द्वारा मितानिनों के सम्मान मे व उनकी समाज मे किए जाने वाले सेवा कार्यो की जानकारी दी।

लायनेस अनीता कपूर ने अपने उद्बोधन मे मितानिनो के योगदान की प्रशंसा की व शहर मे तथा स्लम एरिया मे गर्भवती महिलाओ की देखभाल, टीकाकरण, कुष्ठ, टीबी, रोगियो को दवा वितरण, दिन रात अपनी ड्युटि के लिए तत्पर रहना, शासकिय योजनाओ को जन - जन तक पहूंचाना ऐसे महान कार्यो को अंजाम देने वाली मितानिन वर्ग का सम्मान करते हुए हमारे लायनेस क्लब दिव्य ऊर्जा के लिए गर्व की बात है ।

साथ ही डेगु होने के कारणो को बताया हमारे फ्रिज मे रुका हुआ पानी, कुलर के अंदर पानी, छत मे बारिश का रुका पानी, जानवरो के लिए कोटना मे भरा हुआ पानी आदि इसके मुख्य कारण है। निदान का प्रयास समाज मे रहने वाले प्रत्येक वयक्ति की जिम्मेदारी बनती है प्रशासन द्वारा बोतल में दवाई मिल रही है उसको रुके हुए पानी मे डालना है अडतालिस घंटे बाद उस पानी को जमीन मे फेकना है क्योंकि डेगु के मच्छर जमीन मे नही पनपते.

इसके अतिरिक्त अपने आसपास के क्षेत्रो मे स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना है जहां सब कचरा फेकते है वहां आग लगाकर भी गंदगी पर काबू पाया जा सकता है। लायनेस क्लब दिव्य ऊर्जा के सभी सदस्यो ने पुष्पगुच्छ, टीका व गुलाल से सभी मितानिनो का सम्मान किया और सभी ने स्वल्पाहार का लुत्फ उठाया. अंत मे लायनेस मीरा पासवान द्वारा क्लब के सभी सदस्यो का सम्मान स्मति चिन्ह देकर किया गया जिससे क्लब के सदस्यो मे भो हर्ष की लहर दौड़ गयी।

लायनेस के सभी सदस्यो द्वारा पार्क की स्वचछता पर विशेष ध्यान दिया गया लायनेस उमा तोमर के नेतृत्व मे स्वच्छता तथा मंजुला त्रिपाठी द्वारा संम्पूर्ण कार्यक्रम की व्यवस्था की गई कार्यक्म मे 200 से अधिक लोगो की उपस्थिति थी कार्यक्म के बाद भी लायनेस क्लब द्वारा चाय की व्यवस्था पार्क मे उपस्थित लोगो के लिए थी जिसका लाभ बच्चो से लेकर बडे व बुजुर्गो ने खुश होकर लिया। साथ ही क्लब के कार्यो की बहुत ही सराहना की। कार्यक्म को सफल बनाने मे डाक्टर राकेश वर्मा,(सीपीएम), भावना महलवार (डीपीएम),एरिया कॉडिनेटर गोमती सिदार, सुमिता पांडे, अंजूबंसल, प्रियंका सक्सेना , बबीता शर्मा, संगीता अग्रवाल, मंजरी गुरु ,शशी सिंघानिया,लक्ष्मी अग्रवाल की विशेष उपस्थिति रही।

